न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, देवली (टोंक)

मिसल संख्या – 190/2022 निर्णय दिनांक :– 01.09.2022

उनवानी प्रार्थना पत्र –

1. कमला पुत्री रामचन्द्र जाति रेगर निवासी बीजवाड तहसील देवली जिला टोंक राज0
2. कैलाश पुत्र रामचन्द्र जाति रेगर निवासी बीजवाड तहसील देवली जिला टोंक राज0
3. किशन पुत्र रामचन्द्र जाति रेगर निवासी बीजवाड तहसील देवली जिला टोंक राज0
4. गंगा पत्नी रामचन्द्र जाति रेगर निवासी बीजवाड तहसील देवली जिला टोंक राज0
5. प्रेम पुत्री रामचन्द्र जाति रेगर निवासी बीजवाड तहसील देवली जिला टोंक राज0
6. मदन पुत्र रामचन्द्र जाति रेगर निवासी बीजवाड तहसील देवली जिला टोंक राज0
7. महाबीर पुत्र रामचन्द्र जाति रेगर निवासी बीजवाड तहसील देवली जिला टोंक राज0
8. सन्तरा पुत्री रामचन्द्र जाति रेगर निवासी बीजवाड तहसील देवली जिला टोंक राज0
9. हरलाल पुत्र रामचन्द्र जाति रेगर निवासी बीजवाड तहसील देवली जिला टोंक राज0

–प्रार्थी पक्ष–

बनाम

तहसीलदार देवली जिला टोंक राज0

–अप्रार्थी पक्ष–

प्रार्थना पत्र पत्थरगढी बाबत् अन्तर्गत धारा 128 लेण्ड रेवेन्यू एक्ट

आदेश

पत्रावली वास्ते निर्णय पेश हुई। खाता संख्या 73 खसरा नम्बर 1422 रकबा 0.18 है0, खसरा नम्बर 2674 रकबा 0.64 है0, खसरा नम्बर 3187 रकबा 0.18 है0, खसरा नम्बर 880 रकबा 1.04 है0 वाके ग्राम बीजवाड तहसील देवली जिला टोंक में स्थित खातेदारी भूमि है। पत्रावली व तहसीलदार रिपार्ट का अवलोकन किया। तहसीलदार की रिपोर्ट के अनुसार **खसरा नम्बर 3187 रकबा 0.18 है0 पर** कब्जा काश्त नही होना बताया है। उक्त भूमि पर किसी न्यायालय का स्थगन आदेश नही है व पडोसी खातेदारों से सीमा विवाद नही है। अधिवक्ता प्रार्थी को सुना गया। दौराने बहस अधिवक्ता प्रार्थी ने खसरा नम्बर 3187 रकबा 0.18 को छोडकर शेष खसरा नम्बरों पत्थगढी की जाने की प्रार्थना की।

अतः प्रार्थना–पत्र तहसीलदार देवली की रिपोर्ट अनुसार स्वीकार किया जाता है। खसरा नम्बर 3187 रकबा 0.18 को छोडकर जमाबंदी संवत् 2074–2077 में अंकित शेष खसरा नम्बर 1422 रकबा 0.18 है0, खसरा नम्बर 2674 रकबा 0.64 है0 व खसरा नम्बर 880 रकबा 1.04 है0 वाके ग्राम बीजवाड की विधिवत् पत्थरगढी की जाने हेतु सम्बंधित तहसीलदार को एतद्द्वारा आदेशित किया जाता है कि प्रार्थी से पत्थरगढी कॉस्ट राशि नियमानुसार सीमाज्ञान शुल्क जमाकर उक्तानुसार पालना की जावे।

निर्णय खुले न्यायालय में सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
देवली